हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 1 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 19.3 डिग्री
न्यूनतम 3.6 डिग्री

## 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स में अंडर-14 बॉक्सरों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रोहतक।** 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स 2025–26 के अंतर्गत बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 31 दिसंबर तक मध्यप्रदेश के गुना शहर में किया गया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा के अंडर-14 आयु वर्ग के बालक बॉक्सरों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीतकर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया।




## नव वर्ष नागरिकों के जीवन में सुख और शांति लेकर आए: डीसी



**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने जिलावासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी नागरिकों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए। सचिन गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि वर्ष 2025 में जिला के नागरिकों के सहयोग से प्रशासन ने विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शहर के सौन्दर्यकरण और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। डीसी सचिन गुप्ता ने आशा व्यक्त की है कि वर्ष 2026 में भी सभी नागरिक इसी तरह प्रशासन का सहयोग करते रहेंगे। उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान किया है कि वे आपसी भाईचारे, सद्भाव और जिम्मेदारी की भावना के साथ नए वर्ष का स्वागत करें तथा रोहतक को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। शहरवासियों से अपील की है शांति से नये साल का स्वागत करें।













परीक्षा देने जाते समय हादसा

## ट्रक और कार-की टक्कर में दिल्ली के युवक की मौत

**रोहतक।** जिले के सांपला थाना क्षेत्र में रोहद टोल के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में दिल्ली के एक युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही सांपला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने पीजीआई पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पहचान सूरज कुमार निवासी अग्रसेन पार्क नजफगढ़ (दिल्ली) के रूप में हुई है। बताया गया है कि सूरज अपने दोस्तों के साथ झज्जर स्थित डिजिट कॉलेज में ऑटोमोबाइल विषय की परीक्षा देने जा रहे थे। सूरज के साथ अनमोल शर्मा, फैजल इकबाल और साहिल कुमार भी कार में सवार थे। पुलिस को दिए बयान में अनमोल शर्मा ने बताया कि कार फैजल इकबाल की थी, जिसे वह स्वयं चला रहा था।



## रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी में वैश्य महाविद्यालय के छात्र प्रथम रहे

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता इंस्टिट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों की टीमों ने भाग लेकर अपने ज्ञान और जागरूकता का प्रदर्शन किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर वैश्य शिक्षण संस्था के प्रधान विकास गोयल तथा कोषाध्यक्ष पवन मित्तल खरकिया ने विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 1 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 19.3 डिग्री
न्यूनतम 3.6 डिग्री

## स्वास्थ्य वाहिनी से महिलाओं को दी गई बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं: उपायुक्त



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गई नई पहल से नागरिकों को लाभ मिला है। स्वास्थ्य वाहिनी मैमोग्राफी स्क्रीनिंग वैन के माध्यम से नवम्बर व दिसम्बर माह के दौरान सांपला उपमंडल क्षेत्र में महिलाओं के स्तन कैंसर की जांच की गई। इस दौरान 1207 महिलाओं की स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग की गई तथा इनमें से 541 महिलाओं की मैमोग्राफी की गई। इसी दौरान 533 आभा आईडी भी सृजित की गई।

सभी प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2026, लोहड़ी एवं मकर सक्रांति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
महम क्षेत्र में समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :-
राज कुमार नरवाल
पत्रकार, हरिभूमि, जनता टी.वी.
9253681048, 9812205796



## पुण्य तिथि पर 65 यूनिट रक्त एकत्र



**रोहतक।** राष्ट्रीय सम्मान संघ की ओर से स्वर्गीय रामचंद्र पांचाल की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर गांव घड़ावल स्थित शिव मंदिर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 65 यूनिट रक्त एकत्र कर मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा देवेंद्र पांचाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

MDS PUBLIC SCHOOL
Madina, Rohtak-124111
Phone : +919068840661, 9068846640
E-mail : mdspublicmadina@gmail.com
सभी प्रदेशवासियों को
नव वर्ष-2026 एवं मकर सक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. जितेन्द्र दांगी
डायरेक्टर, एमडीएस पब्लिक स्कूल, मदीना (रोहतक)

School Code :- 25226
U-Dise Code : 06140301815
THE ROYAL EDUCATION
The Royal Group of School
Affiliated to H.B.S.E.
Sahi Ram Sr. Sec. School
Bharan Road, Meham (Rohtak)
2nd Position in Haryana Board 10th Class 496/500
Diksha D/o Sh. Sunil
सभी प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2026 एवं मकर सक्रांति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
SPORTS: HANDBALL, BOXING, WUSHU, VOLLEYBALL, JUDO, KABADDI
LAB,S: ROBOTIC LAB, LANGUAGE LAB, ABUCUS MATH, COMPETITIVE CLASS, MUSIC LAB, DANCE LAB
Dr. Pardeep Bhardwaj
Director
NDA | JEE | OLYMPIAD | NEET
M. 8607344443 | 8607244443 | 8607544443

## केवीएम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केवीएम पब्लिक स्कूल में नववर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य, उल्लासपूर्ण एवं प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने नववर्ष के स्वागत के लिए मधुर प्रार्थनाएं और प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।प्रधानाचार्या डॉ. मीना कौशिक ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नया वर्ष नए अवसर, नई चुनौतियां और नई संभावनाएं लेकर आता है। विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। नृत्य, कविता पाठ, प्रेरक विचारों और नववर्ष संदेशों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने खूब सराहा। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, पोस्टरों और नववर्ष के संदेशों से आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे उत्सव का माहौल और भी आनंदमय हो गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आनंददायक, प्रेरणादायक और यादगार रहा।

## नेशनल रोलर स्केट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में स्कॉलर्स रोज़री के बच्चों ने जीता स्वर्ण

**रोहतक।** 8वीं नेशनल रोलर स्केट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में स्कॉलर्स रोजरी स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल, अनुशासन और टीम भावना से सभी का ध्यान आकर्षित किया। लड़कों की श्रेणी में सुहान भुटानी और राजबीर ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं लड़कियों की श्रेणी में वर्तिका ने अपनी फुर्ती, सटीक पासिंग और शानदार स्कोरिंग से विरोधी टीमों को कड़ी चुनौती दी और स्वर्ण पदक जीतने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।

सभी प्रदेशवासियों को
नव वर्ष 2026 लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि शंकर सोनी एडवोकेट
पूर्व प्रधान बार एसोसिएशन, महम
9896047345

सभी प्रदेशवासियों को
नव वर्ष-2026 एवं मकर सक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
एडवोकेट प्रदीप ढाका
प्रधान बार एसोसिएशन महम, मो. 9812443417



## मदवि के 10 कर्मचारी सेवानिवृत्त, कुलपति ने दी शुभकामनाएं

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में आज कुल 10 कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर कुलपति कार्यालय में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके सेवाकाल के लिए धन्यवाद देते हुए उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी विश्वविद्यालय की रीढ़ होते हैं, जिन्होंने वर्षों तक निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करते हुए विश्वविद्यालय की उन्नति में अहम भूमिका निभाई है।

## मेयर रामअवतार वाल्मीकि को भ्रातृ शोक

**रोहतक।** नगर निगम के मेयर एवं भाजपा नेता रामअवतार वाल्मीकि के बड़े भाई कबूल सिंह का बुधवार सुबह करीब 5 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। वे भारतीय तिब्बत सेना पुलिस से सेवानिवृत थे। उनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद उनके पैतृक गांव बहु अकबरपुर में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में गुरुग्राम के निगम आयुक्त कृष्ण कुमार, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार, सांपला मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान, हिमांशु ग्रोवर, निगम के जेडटीओ जगबीर, कार्यकारी अभियंता मनजीत दहिया, पार्षद बिजेंद्र हुड्डा, कपिल नागपाल, प्रवीण कौशिक, परीक्षित देशवाल, बंटी बोहत, दीपक सैनी, जितेंद्र रोहिल्ला व अनेक ग्रामीण शामिल रहे। रस्म तेरहवीं 8 जनवरी को पैतृक गांव में ही होगी।

आप सभी को नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
बसंत लाल गिरधर को महम क्षेत्र में रक्तदान शिविरों का जन्मदाता माना जाता है। अब तक 176 रक्तदान शिविर लगा चुके हैं। स्वास्थ्य जांच शिविर लगाते हैं। दिव्यांगों के लिए श्रवण यंत्र, व्हील चेयर आदि मशीनें दिलवाते हैं। बुजुर्गों, विधवाओं, विदुर व कुवांरों की पेंशन बनवाने में मदद करते हैं। लड़कियों व महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलवाते हैं। इन्हें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, उपायुक्त, निदेशक पीजीआई व एस.डी.एम. से सम्मानित किया जा चुका है। अब ये महम नगर पालिका के वाईस चेयरमैन हैं और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं।
श्री बसन्त लाल गिरधर
वाईस चेयरमैन, नगर पालिका, महम
प्रदेशाध्यक्ष जनसेवा समिति

H.D. SR. SEC. PUBLIC SCHOOL
KHERI – MEHAM (Affiliated to C.B.S.E. – 530454)
स्कूल प्रबंधन समिति व समस्त स्टाफ सदस्यों की तरफ से आप सभी को नव वर्ष 2026, लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएँ।
K.S. NEHRA, DIRECTOR, 8607777107
SANJEEV CHILLAR, SECRETARY, 9416230946
SHALINI GUPTA, PRINCIPAL, 8607777117

SATYA GROUP OF INSTITUTIONS
V.P.O. Sisar Khas Tehsil Meham District Rohtak (Hry.)
Approved By: Shri Krishna Ayush University, Kurukshetra (NCISM New Delhi)
Approved By: Pt. B.D.S. U.H.S Rohtak, INC New Delhi, HN&NMC, D.M.E.R. Panchkula
Approved By: A.I.C.T.E., P.C.I., & H.S.B.T.E. Panchkula
Approved By: MDU, Rohtak
NURSING COURSES
ANM GNM | MPHW (M)
B.Sc. (N) | PB B. Sc. (N)
M. SC. (N)
100% PLACEMENT ASSISTANT
PHARMACY COURSES
M. Pharmacy | B. Pharmacy
D. Pharmacy
MANAGEMENT COURSES
BBA | BCA
NIOS COURSES
- Ayurveda Assistant
- Panchkarma Assistant
- Diploma in Radiography
- Yoga Teacher Training Programme
- Certificate in early childhood care & Education
- Certificate Ayurvedic Therapy
- Certificate in homeopathy dispensing
- Diploma in naturopathy
- Certificate in community health
- DMLT, DMIT
AYURVEDA COURSE
B.A.M.S (NEET Qualified)
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्विद्यालय (इग्नू)
INDIRA GANDHI NATIONAL OPEN UNIVERSITY (IGNOU)
इग्नू स्टडी सेंटर-1091 IGNOU LEARNER SUPPORT CENTRE-1091
सत्या कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, सीसर खास, महम, रोहतक
SATYA COLLEGE OF MANAGEMENT AND TECHNOLOGY, SISAR KHAS, MEHAM, ROHTAK
PROGRAMMES ON OFFER :
BAM (Bachelor of Arts), BCOMF (Bachelor of Commerce)
BCA-NEW (Bachelor of Computer Applications)
PGDCA-NEW (Post Graduate Diploma Computer Applications)
CIT (Certificate in Information Technology)
BBA (Bachelor of Business Administration)
PGDIBO (Post Graduate Diploma International Business Operation)
CBS (Certificate in Business Skills)
CNM (Certificate in NGO Management)
CCITSK (Certificate in Communication & IT Skills)
CMAD (Certificate in Mobile Application Development)
आप सभी को नव वर्ष 2026, लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं।
LIMITED SEATS पहले आओ पहले पाओ
For More Information :
9812445013, 7056703202, 9812943613, 8814847013
Website: satyagroupofcolleges.co.in | E-mail: satyacollege17@gmail.com


LOHCHAB
SPORT UTILITY VEHICLES
HONDA
MG
mahindra Rise
mahindra LAST MILE MOBILITY
MAHINDRA ELECTRIC SUVs
लोहचब परिवार
की तरफ से आप सभी को
नए साल की शुभकामनाएँ
ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | MEHAM | BHIWANI | CHARKHI DADRI
www.lohchabgroup.com

# शहरवासियों ने जश्न व बधाई देने के साथ नववर्ष 2026 का किया आगाज

## जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही, पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

■ बाजारों, कॉलोनियों, रेस्टोरेंट्स और होटलों में देर रात तक जश्न का माहौल बना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में नए साल का आगमन जश्न व एक दूसरे को बधाई देने के साथ हुआ। नववर्ष के आगमन पर नागरिक बधाई देते देखे गए वहीं हर कोई नववर्ष की तैयारियों में व्यस्त दिखाई दिया। 31 दिसंबर की रात शहरवासियों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ नववर्ष 2026 का आगाज किया। बाजारों, कॉलोनियों, रेस्टोरेंट्स और होटलों में देर रात तक जश्न का माहौल बना रहा। युवाओं के साथ-साथ परिवारों ने भी नए साल की पूर्व संध्या पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। वहीं दूसरी ओर किसी भी तरह की अव्यवस्था या अप्रिय घटना को रोकने के लिए रोहतक पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई।

### शांतिपूर्ण रहा जश्न

पुलिस की सख्ती और सतर्कता के चलते नववर्ष की रात जिले में शांति बनी रही और किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पुलिस प्रशासन ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और भयमुक्त माहौल मिल सके।




### पुलिस की अपील, जिम्मेदारी से मनाएं जश्न

पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की कि वे नववर्ष का जश्न शांति और जिम्मेदारी के साथ मनाएं। शराब पीकर वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और सार्वजनिक स्थलों पर शोर-शराबा या हुड़दंग न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।

### संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर

चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी ली। सादी वर्दी में पुलिसकर्मी भी तैनात रहे, ताकि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। पुलिस कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबरों को भी सक्रिय रखा गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### प्रमुख स्थानों पर लगाए गए नाके

नववर्ष की रात कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर नाके लगाए। दिल्ली रोड, सोनीपत रोड, झज्जर रोड, सिविल लाइंस, मॉडल टाउन, सेक्टर एरिया, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के आसपास पुलिस की विशेष तैनाती की गई। वाहनों की गहन जांच की गई और आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी गई।

### नए साल पर पुलिस का चेकिंग अभियान

31 दिसंबर की शाम से ही पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया था, जो 1 जनवरी की सुबह तक जारी रहा। इस दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के चालान काटे गए।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

नववर्ष पर शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर की मदद से जांच की। नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए कई चालकों के मौके पर ही चालान किए गए, जबकि कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया गया।

### होटलों और ढाबों पर भी की छापेमारी

नए साल के जश्न के मद्देनजर पुलिस ने शहर के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट्स और ढाबों पर भी छापेमारी की। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि तय समय के बाद शराब परोसने, बिना लाइसेंस शराब बिक्री या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि न हो। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई और कई को चेतावनी भी दी गई।

## श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में वीर बालक दिवस पर निबंध प्रतियोगिता

रोहतक। श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद के सहयोग से वीर बालक दिवस के पावन अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के जूनियर व सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वीरता, त्याग, साहस, राष्ट्रप्रेम तथा भारतीय इतिहास के गौरवशाली प्रसंगों के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपने-अपने निबंधों के माध्यम से वीर बालकों के अद्भुत साहस, अटूट संकल्प और देश के प्रति समर्पण को प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया।

### पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

आज विद्यालय प्रांगण में निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जूनियर और सीनियर वर्ग के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सीनियर वर्ग में खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट लेखन क्षमता का परिचय दिया, जबकि जूनियर वर्ग में दीक्षा ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण तथा भारत विकास परिषद के मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता और श्री गणपत राय गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के डायरेक्टर पीएन मुज्जु और प्राचार्या कमला गिल ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई दी। हिंदी विभागाध्यक्ष ममता सिंह ने भी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में कार्यक्रम



रोहतक। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में 31 दिसंबर को प्राचार्य देवेंद्र कटारिया की अध्यक्षता में नशामुक्ति एवं कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार दिनेश कुमार तथा एसएचओ राकेश कुमार रहे। विशिष्ट अतिथियों में राजबीर कश्यप (डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस एकेडमी), संदीप कुमार (पैनल एडवोकेट, डीएलएसए) एवं सतबीर लूथरा शामिल रहे। साथ ही एसएमसी सदस्यों और अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि व पैनल अधिवक्ताओं ने छात्राओं के साथ नशामुक्ति विषय पर विस्तार से चर्चा की और विद्यार्थियों व एसएमसी सदस्यों की समस्याओं को सुनकर उन्हें कानूनी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का समापन जन जागरूकता रैली के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय स्टाफ, छात्राओं, एनएसएस वॉलंटियर्स एवं अतिथियों ने भाग लेकर नशामुक्ति का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्राचार्य, स्टाफ एवं एनएसएस स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। अंत में प्राचार्य देवेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में 2026 का स्वागत जोश और उत्साह से किया



रोहतक। जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में नववर्ष 2026 का आगमन अत्यंत हर्षोल्लास, जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बीते वर्ष की उपलब्धियों का उत्सव मनाया तथा आने वाले वर्ष के लिए नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और बेहतर भविष्य के संकल्प लिए। विद्यालय परिसर उत्सवपूर्ण वातावरण और बच्चों की खुशियों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रिंसिपल अनामिका बलहारा के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने नए वर्ष को एक नई शुरुआत बताते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात नन्हे विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य और मधुर गीतों की प्रस्तुति दी, जिनमें देशभक्ति गीतों ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने 'स्वच्छ भारत', 'बेहतर स्वास्थ्य' और 'पर्यावरण बचाओ' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने संकल्प भी प्रस्तुत किए, जिससे समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और भविष्य के प्रति जागरूकता झलकी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक बलराज सिंह तथा प्रिंसिपल अनामिका बलहारा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और एक उज्ज्वल, समृद्ध एवं शांतिपूर्ण वर्ष की कामना की। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए आशा, प्रेरणा और सफलता का नया अध्याय लिखने वाला सिद्ध हुआ।

## दुहन पब्लिक स्कूल जसिया के स्वयंसेवकों ने किया अनाथालय व वृद्धाश्रम का दौरा

रोहतक। जसिया स्थित दुहन पब्लिक स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के अंतर्गत जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित अनाथालय एवं वृद्धाश्रम का प्रेरणादायक दौरा किया। इस सामाजिक सेवा गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, करुणा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना रहा। दौरे के दौरान स्वयंसेवकों ने अनाथालय में रह रहे बच्चों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत की तथा उनके साथ खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार और अपनत्व भरे क्षणों ने सभी के चेहरों पर मुस्कान ला दी। स्वयंसेवकों ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने जन सेवा संस्थान के वृद्धाश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों से मुलाकात की। उन्होंने बुजुर्गों के जीवन अनुभव सुने और उनके प्रति सम्मान, संवेदनशीलता तथा सहयोग की भावना व्यक्त की। बुजुर्गों के साथ बिताया गया समय स्वयंसेवकों के लिए भावनात्मक रूप से अत्यंत प्रेरणादायक रहा।




## एचडी पब्लिक स्कूल, बालंद में एनसीएफ एवं एनईपी पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

रोहतक। बालंद स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवीन शैक्षणिक सुधारों को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ ) एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर आधारित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 56 अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में मीना कौशिक एवं सरबजीत कौर ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मीना कौशिक ने एनसीएफ से संबंधित विभिन्न शैक्षणिक पहलुओं पर प्रकाश डाला, जबकि सरबजीत कौर ने एनईपी के प्रमुख बिंदुओं बाल-केंद्रित शिक्षा, अनुभवात्मक अधिगम, समग्र विकास, दक्षता आधारित मूल्यांकन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रेसिडेंट सत्यदेव सिगरोहा, वाइस प्रेसिडेंट सुधीर सिगरोहा एवं प्रधानाचार्या कंचन पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रधानाचार्या कंचन पाठक ने कहा कि इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने एनसीएफ एवं एनईपी की सराहना करते हुए इसे भविष्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया।




## उपकार हाई स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

रोहतक। उपकार हाई स्कूल के विद्यालय परिसर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बाल कल्याण अधिकारी सोम दत्त खुंडिया रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास का सशक्त माध्यम हैं और विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सनराइज स्कूल की प्रधानाचार्या कविता शर्मा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रोफेसर विजय कायत, पूर्व कुलपति सी.डी.एल.यू., सिरसा तथा उपकार स्कूल की निदेशक निर्मला करात भी मौजूद रहीं। उखेलकूद प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं और टीम खेलों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या लक्ष्मी त्यागी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवनशैली विकसित करते हैं। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।







## बैठक में जिला के 29 बाढ़ बचाओ योजनाएं स्वीकृतः उपायुक्त



रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में आयोजित हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 57 वीं बैठक में जिला में वर्ष 2025-26 के लिए बाढ़ बचाओ की 29 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिन पर 53 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च होगी।

वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेशभर के उपायुक्त एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में जुड़े। उपायुक्त सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस कक्ष में अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक से जुड़े। सचिन गुप्ता ने कहा कि बोर्ड द्वारा जिला में बाढ़ बचाओ प्रबंधों के लिए जिला प्रशासन द्वारा भेजी गई 29 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।






## जनवरी — पौष-माघ 2082

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 पौ.शु.१३ | 2 चतुर्दशी | 3 पूर्णिमा |
| 4 मा.कृ.१ | 5 द्वितीया | 6 ३-४ | 7 पंचमी | 8 षष्ठी | 9 सप्तमी | 10 सप्तमी |
| 11 अष्टमी | 12 नवमी | 13 दशमी | 14 एकादशी | 15 द्वादशी | 16 त्रयोदशी | 17 चतुर्दशी |
| 18 अमावस्या | 19 मा.शु.१ | 20 द्वितीया | 21 तृतीया | 22 चतुर्थी | 23 पंचमी | 24 षष्ठी |
| 25 सप्तमी | 26 अष्टमी | 27 नवमी | 28 दशमी | 29 एकादशी | 30 द्वादशी | 31 १३-१४ |

## फरवरी — माघ-फाल्गुन 2082

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पूर्णिमा | 2 फा.कृ.१ | 3 द्वितीया | 4 तृतीया | 5 चतुर्थी | 6 पंचमी | 7 षष्ठी |
| 8 सप्तमी | 9 अष्टमी | 10 अष्टमी | 11 नवमी | 12 दशमी | 13 एकादशी | 14 द्वादशी |
| 15 त्रयोदशी | 16 चतुर्दशी | 17 अमावस्या | 18 फा.शु.१ | 19 द्वितीया | 20 तृतीया | 21 चतुर्थी |
| 22 पंचमी | 23 षष्ठी | 24 ७-८ | 25 नवमी | 26 दशमी | 27 एकादशी | 28 द्वादशी |

## मार्च — फाल्गुन-चैत्र 2082

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फा.शु.१३ | 2 चतुर्दशी | 3 पूर्णिमा | 4 चै.कृ.१ | 5 द्वितीया | 6 तृतीया | 7 चतुर्थी |
| 8 पंचमी | 9 षष्ठी | 10 सप्तमी | 11 अष्टमी | 12 नवमी | 13 दशमी | 14 दशमी |
| 15 एकादशी | 16 द्वादशी | 17 त्रयोदशी | 18 चतुर्दशी | 19 अमा.-चै.शु.१ | 20 द्वितीया | 21 तृतीया |
| 22 चतुर्थी | 23 पंचमी | 24 षष्ठी | 25 सप्तमी | 26 अष्टमी | 27 नवमी | 28 दशमी |
| 29 एकादशी | 30 द्वादशी | 31 त्रयोदशी | | | | |

## अप्रैल — चैत्र-बैशाख 2083

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 चै.शु.१४ | 2 पूर्णिमा | 3 बै.कृ.१ | 4 द्वितीया |
| 5 तृतीया | 6 चतुर्थी | 7 पंचमी | 8 षष्ठी | 9 सप्तमी | 10 अष्टमी | 11 नवमी |
| 12 दशमी | 13 एकादशी | 14 द्वादशी | 15 त्रयोदशी | 16 चतुर्दशी | 17 अमावस्या | 18 बै.शु.१ |
| 19 द्वितीया | 20 ३-४ | 21 पंचमी | 22 षष्ठी | 23 सप्तमी | 24 अष्टमी | 25 नवमी |
| 26 दशमी | 27 एकादशी | 28 द्वादशी | 29 त्रयोदशी | 30 चतुर्दशी | | |

## मई — बैसाख-ज्येष्ठ 2083

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 पूर्णिमा | | | | | 1 पूर्णिमा | 2 प्र.ज्ये.कृ.१ |
| 3 द्वितीया | 4 तृतीया | 5 चतुर्थी | 6 चतुर्थी | 7 पंचमी | 8 षष्ठी | 9 सप्तमी |
| 10 अष्टमी | 11 नवमी | 12 दशमी | 13 एकादशी | 14 द्वादशी | 15 १३-१४ | 16 अमावस्या |
| 17 प्र.ज्ये.शु.१ | 18 द्वितीया | 19 तृतीया | 20 चतुर्थी | 21 पंचमी | 22 ६-७ | 23 अष्टमी |
| 24 नवमी | 25 दशमी | 26 एकादशी | 27 एकादशी | 28 द्वादशी | 29 त्रयोदशी | 30 चतुर्दशी |

## जून — ज्येष्ठ-आषाढ़ 2083

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 द्वि.ज्ये.कृ.१ | 2 द्वितीया | 3 तृतीया | 4 चतुर्थी | 5 पंचमी | 6 षष्ठी |
| 7 सप्तमी | 8 अष्टमी | 9 नवमी | 10 दशमी | 11 एकादशी | 12 द्वादशी | 13 त्रयोदशी |
| 14 चतुर्दशी | 15 अमा.द्वि.ज्ये.शु.१ | 16 द्वितीया | 17 तृतीया | 18 चतुर्थी | 19 पंचमी | 20 षष्ठी |
| 21 सप्तमी | 22 अष्टमी | 23 नवमी | 24 दशमी | 25 एकादशी | 26 द्वादशी | 27 त्रयोदशी |
| 28 चतुर्दशी | 29 पूर्णिमा | 30 आ.कृ.१ | | | | |

## जुलाई — आषाढ़-श्रावण 2083

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 आ.कृ.१ | 2 द्वितीया | 3 तृतीया | 4 चतुर्थी |
| 5 पंचमी | 6 षष्ठी | 7 सप्तमी | 8 अष्टमी | 9 नवमी | 10 १०-११ | 11 द्वादशी |
| 12 त्रयोदशी | 13 चतुर्दशी | 14 अमावस्या | 15 आ.शु.१ | 16 द्वितीया | 17 ३-४ | 18 पंचमी |
| 19 षष्ठी | 20 सप्तमी | 21 अष्टमी | 22 नवमी | 23 नवमी | 24 दशमी | 25 एकादशी |
| 26 द्वादशी | 27 त्रयोदशी | 28 चतुर्दशी | 29 पूर्णिमा | 30 श्रा.कृ.१ | 31 द्वितीया | |

## अगस्त — श्रावण-भाद्रपद 2083

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 द्वितीया | 31 तृतीया | | | | | 1 श्रा.कृ.३ |
| 2 चतुर्थी | 3 पंचमी | 4 षष्ठी | 5 सप्तमी | 6 अष्टमी | 7 नवमी | 8 दशमी |
| 9 एकादशी | 10 १२-१३ | 11 चतुर्दशी | 12 अमावस्या | 13 श्रा.शु.१ | 14 द्वितीया | 15 तृतीया |
| 16 चतुर्थी | 17 पंचमी | 18 षष्ठी | 19 सप्तमी | 20 अष्टमी | 21 नवमी | 22 दशमी |
| 23 एकादशी | 24 द्वादशी | 25 द्वादशी | 26 त्रयोदशी | 27 चतुर्दशी | 28 पूर्णिमा | 29 भा.कृ.१ |

## सितम्बर — भाद्रपद-आश्विन 2083

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 भा.कृ.४ | 2 ५-६ | 3 सप्तमी | 4 अष्टमी | 5 नवमी |
| 6 दशमी | 7 एकादशी | 8 द्वादशी | 9 त्रयोदशी | 10 चतुर्दशी | 11 अमावस्या | 12 भा.शु.१ |
| 13 द्वितीया | 14 तृतीया | 15 चतुर्थी | 16 पंचमी | 17 षष्ठी | 18 सप्तमी | 19 अष्टमी |
| 20 नवमी | 21 दशमी | 22 एकादशी | 23 द्वादशी | 24 त्रयोदशी | 25 चतुर्दशी | 26 पूर्णिमा |
| 27 आ.कृ.१ | 28 द्वितीया | 29 तृतीया | 30 चतुर्थी | | | |

## अक्टूबर — आश्विन-कार्तिक 2083

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 आ.कृ.५ | 2 षष्ठी | 3 ७-८ |
| 4 नवमी | 5 दशमी | 6 एकादशी | 7 द्वादशी | 8 त्रयोदशी | 9 चतुर्दशी | 10 अमावस्या |
| 11 आ.शु.१ | 12 द्वितीया | 13 तृतीया | 14 चतुर्थी | 15 पंचमी | 16 षष्ठी | 17 सप्तमी |
| 18 सप्तमी | 19 अष्टमी | 20 नवमी | 21 दशमी | 22 एकादशी | 23 द्वादशी | 24 त्रयोदशी |
| 25 चतुर्दशी | 26 पूर्णिमा | 27 का.कृ.१-२ | 28 तृतीया | 29 चतुर्थी | 30 पंचमी | 31 षष्ठी |

## नवम्बर — कार्तिक-मार्गशीर्ष 2083

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 का.कृ.७ | 2 अष्टमी | 3 नवमी | 4 दशमी | 5 एकादशी | 6 द्वादशी | 7 त्रयोदशी |
| 8 चतुर्दशी | 9 अमावस्या | 10 का.शु.१ | 11 द्वितीया | 12 तृतीया | 13 चतुर्थी | 14 पंचमी |
| 15 षष्ठी | 16 सप्तमी | 17 अष्टमी | 18 नवमी | 19 नवमी | 20 १०-११ | 21 द्वादशी |
| 22 त्रयोदशी | 23 चतुर्दशी | 24 पूर्णिमा | 25 मा.कृ.१ | 26 द्वितीया | 27 ३-४ | 28 पंचमी |
| 29 षष्ठी | 30 सप्तमी | | | | | |

## दिसम्बर — मार्गशीर्ष-पौष 2083

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 मा.कृ.८ | 2 नवमी | 3 दशमी | 4 एकादशी | 5 द्वादशी |
| 6 त्रयोदशी | 7 चतुर्दशी | 8 अमावस्या | 9 मा.शु.१ | 10 एकम् | 11 द्वितीया | 12 तृतीया |
| 13 चतुर्थी | 14 पंचमी | 15 षष्ठी | 16 सप्तमी | 17 अष्टमी | 18 नवमी | 19 दशमी |
| 20 एकादशी | 21 द्वादशी | 22 त्रयोदशी | 23 १४-पूर्णि. | 24 पौ.कृ.१ | 25 द्वितीया | 26 तृतीया |
| 27 चतुर्थी | 28 पंचमी | 29 षष्ठी | 30 सप्तमी | 31 अष्टमी | | |

श्री महावीराय नमः

LPS BOSSARD
Proven Productivity



**अहिंसा**
किसी भी सजीव प्राणी को मानसिक या शारीरिक रूप से कोई भी कष्ट न पहुँचाना ही अहिंसा है।

**सत्य**
कितना भी कठिन हो, असत्य न बोलना और हमेशा सच का साथ देना।

**अस्तेय (अचौर्य)**
दूसरों की किसी भी वस्तु या विचार की चोरी न करना।

**ब्रह्मचर्य (अमैथुन)**
इंद्रियों पर पूर्ण नियंत्रण रखना और मन, वचन, कर्म से पवित्र रहना।

**अपरिग्रहः**
सांसारिक वस्तुओं या विचारों का आवश्यकता से अधिक संग्रह न करना।

**अहिंसा परमो धर्म**

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमोलोए सव्व साहूणं ।
ऐसो पंच णमोक्कारो सव्व पावप्पणासणो । मंगलाणं च सव्वेसिं, पढ़मं हवई मंगलम ।।



आप सभी को
# नव वर्ष-2026
# लोहड़ी व मकर संक्रान्ति
की हार्दिक शुभकामनाएं





## राजेश जैन
एम.डी.,एल.पी.एस.बोसार्ड



**वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ**

गीले, सूखे कचरे व प्लास्टिक के लिए अलग-अलग कूड़ेदान का उपयोग करें।

## सार्वजनिक अवकाश-2026

**जनवरी**
13, मंगलवार - लोहड़ी
14, बुधवार - मकर संक्रांति
23, शुक्रवार - बसंत पंचमी
26, सोमवार - गणतंत्र दिवस

**फरवरी**
1 , रविवार - रविदास जयंती
15, रविवार - शिवरात्रि

**मार्च**
3, मंगलवार - होली
4, बुधवार - धुलेंडी
21, शनिवार - ईद-उल-फितर
23, सोमवार - शहीदी दिवस भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव
26, गुरुवार - रामनवमी
31, मंगलवार - महावीर जयंती

**अप्रैल**
3, शुक्रवार - गुड फ्राइडे
14, मंगलवार - बैसाखी
14, मंगलवार - अम्बेडकर जयन्ती
19, रविवार - परशुराम जयंती

**मई**
1, शुक्रवार - बुद्ध पूर्णिमा
27, बुधवार - ईद-उल-जुहा

**जून**
17, बुधवार - महाराणा प्रताप जयंती
26, शुक्रवार - मोहर्रम
29, सोमवार - संत कबीर जयंती

**जुलाई**
31, शुक्रवार - शहीदी दिवस ऊधम सिंह

**अगस्त**
15, शनिवार - स्वतंत्रता दिवस
26, बुधवार - ईद-उल-मिलाद
28, शुक्रवार - रक्षाबंधन

**सितम्बर**
4, शुक्रवार - श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
14, सोमवार - गणेश चतुर्थी
23, बुधवार - शहीदी दिवस
25, शुक्रवार - अनंत चौदस

**अक्टूबर**
2, शुक्रवार - गांधी जयंती
11, रविवार - महाराजा अग्रसेन जयंती
20, मंगलवार - दशहरा
26, सोमवार - बाल्मीकि जयंती

**नवंबर**
1, रविवार - हरियाणा-डे
8, रविवार - दीपावली
9, सोमवार - विश्वकर्मा-डे
11, बुधवार - भैया दूज
24, मंगलवार - गुरु नानक जन्म दिवस

**दिसंबर**
25, शुक्रवार - क्रिसमस-डे





**वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ**

# प्राकृतिक खेती अपनाएं और जहर मुक्त भोजन खाएं



LPS BOSSARD
Proven Productivity | UPS LAKSHMI

*BP Jain Skill Development Centre*